श्री सिद्धि विनायक हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 34 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 11 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया

श्री पशुपतिनाथ इन्टरप्राइजेस
दीपोत्सव की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई

# धनतेरस पर गुलजार रहा बाजार

## बाजार में रही सुबह से भीड़, सोने-चांदी की जमकर हुई खरीदारी



**मंदसौर, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** धनतेरस और दीपावली की खरीदारी के लिए शुक्रवार को बाजार में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। व्यापारियों की मानें तो अगले दो दिन और ऐसी ही खरीदारी की उम्मीद जताई जा रही है। धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार सुबह से ही शहर सहित अंचल के कस्बो के बाजार गुलजार रहे। लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजार में सुबह से ही भीड़ रही, जिसके चलते कई बार जाम की स्थिति बनती नजर आई। हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी से और पहले से प्लान किए ट्रैफिक डायवर्शन के चलते ज्यादा मुसीबत नहीं आई। धनतेरस को लेकर सुबह से बाजार में लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी।

सुबह 11 बजे से ही बाजार पूरी तरह से गुलजार हो गए। बर्तनों की दुकान पर लोगों की खासी भीड़ रही। इसके साथ ही ज्वैलर्स की दुकानों पर भी खरीदारों का तांता लगा रहा। लोगों ने चांदी के सिक्के और चांदी की छोटी मूर्तियां खरीदने में रुचि दिखाई। साथ ही किराना और मिठाई की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही। ऑटो मोबाइल शोरूम पर बाइक और कारों की एडवांस बुकिंग करवा चुके ग्राहक धनतेरस के शुभ मुहूर्त में वाहन लेने पहुंचे। लोगों ने शुभ मुहूर्त में शोरूम से वाहनों की खरीदारी की। 11 बजे तक खुलने वाले शोरूम सुबह 7 बजे ही शुभ महूर्त में वाहन देने के लिए खुल गए। इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी अच्छी खासी ग्राहकी रही। लोगों ने टीवी, वॉशिंग मशीन और फ्रिज जैसे इलेक्ट्रिक सामानों की जमकर खरीदारी की।

### 20 करोड़ का रहा बाजार...

जिले में धनतेरस के दिन ऑटोमोबाइल, सोना-चांदी, बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक बाजार, किराना बाजार, कपड़ा बाजार एवं मिठाई आदि मिलाकर करीब 17 करोड़ से अधिक का व्यापार धनतेरस के दिन हुआ। व्यापारी अगले दो दिन और ऐसी ही ग्राहकी की उम्मीद जाता रहे हैं।

## 20 नवंबर से खुलेंगे स्कूल, आदेश जारी

**मंदसौर, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शुक्रवार धनतेरस से दिवाली की छुट्टी शुरू हो गई है। प्रदेश में 10 से 15 नवंबर तक अवकाश रहेगा। राज्य में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव है और अगले दिन 18 नवंबर को शनिवार है। इसके बाद अगले दिन 19 नवंबर को रविवार है। ऐसे में अब 20 नवंबर के बाद स्कूल खोले जाएंगे।

बता दे कि सरकारी और निजी स्कूलों में 10 से 15 नवंबर (6 दिन) तक दीपावली का अवकाश रहेगा। वहीं प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसके चलते स्कूलों में मतदान के लिए बूथ बनाया जाएगा। अगले दिन 18 नवंबर को शनिवार है, शिक्षक मतदान कार्य से वापस लौटेंगे। इसके अगले दिन 19 नवंबर को रविवार है। इस वजह से अब सरकारी स्कूलों में पढ़ाई चुनाव के बाद ही संभव है। प्रदेश में अब 20 नवंबर से ही स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो सकेगी। उधर, सरकारी स्कूलों की सभी कक्षाओं की छमाही परीक्षाएं दिसंबर में तो वार्षिक ... शेष पेज 4 पर

## धोरागढ़ मंदिर में उमड़ी भीड़...



धनतेरस के पर्व पर मंदसौर शहर के खिलचिपुरा स्थित अति प्राचीन धोरागढ़ महादेव मंदिर में स्थित कुबेर प्रतिमा के दर्शन कर धनधान्य प्राप्ती की कामना के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही भक्त कुबेर भगवान के दर्शनों के लिए पहुंचने लगे। लंबी कतारों के साथ दर्शनों का यह सिलसिला देर रात तक चला। मन्दिर पुजारी राकेश भट्ट ने बताया कि धनतेरस पर धन प्राप्ति की मनोकामना के लिए कुबेर भगवान की पूजा विशेष महत्व रखती है। पुजारी के अनुसार खिलचीपुरा में कुबेर जी का अतिप्राचीन मन्दिर है। कुबेर जी के दर्शनों से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। वहीं मन्दिर की मिट्टी को घर में रखने से घर में धन की कमी नहीं होती।

## मल्हारगढ़ विस चुनावः उठापटक वाले समीकरण हो रहे तैयार

### विष्णु के तीनों अवतार के नाम वाले उम्मीद्वार भी कन्फ्यूज

**मंदसौर, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की मल्हारगढ़ विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। दिलचस्प बात यह है कि जहां सभी जगहों पर अपने नेताजी की जीत को लेकर समर्थक आश्वस्त है। वहीं मल्हारगढ़ में गीता पर हाथ रखकर स्थिति पूछी जाए तो समर्थक कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं है। यहां तीन तरह के समीकरण बन रहे हैं। जिससे कोई भी उम्मीद्वार बाजी मार सकता है। निर्दलीय वैसे संसदीय क्षेत्र में अभी तक बाजी नहीं मार पाया है। लेकिन, कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय लड़ रहे श्यामलाल जोकचंद के टीम वर्क के चलते मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है।



मल्हारगढ़ विधानसभा

#### पहला समीकरण...

पिछली बार हार का अंतर 11 हजार 800 था। जिसमें परशुराम सिसौदिया चुनाव हारे थे। कांग्रेस के बागी श्यामलाल जोकचंद इस बार जीतने भी वोट ले जाएंगे, कांग्रेस के खाते से जाएंगे। ऐसे में नुकसान कांग्रेस को उठाना पड़ेगा।

#### दूसरा समीकरण...

एक समीकरण यह कहता है कि एक और गणना कर रहा है। पिछले चुनाव में श्यामलाल समर्थकों ने उनको टिकिट न मिलने से नाराजगी के चलते जगदीश देवड़ा का साथ दिया होगा। अगर ऐसा है तो इस बार यह सभी वोट देवड़ा की बजाय श्यामलाल को मिलेंगे। ऐसे में नुकसान भाजपा को होगा।

#### तीसरा समीकरण

मुकाबला यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच माना जा रहा है। लेकिन सत्ता पक्ष में होने के कारण कहीं न कहीं नाराजगी भाजपा से संभव है। वहीं कांग्रेस उम्मीद्वार एक बार चुनाव में हार चुका है। ऐसे में इस चेहरे को हो सकता है जनता नकारे। दोनों ही स्थिति में वोट श्यामलाल के खाते में जा सकते हैं। इससे कहीं न कहीं श्यामलाल का फायदा मिल सकता है। हालांकि, पिछले चुनाव को छोड़कर उसके पहले के दो चुनाव में लगातार श्यामलाल भी जगदीश देवड़ा से चुनाव हार चुके है।

## गरीब देश का आम चुनाव 50 हजार करोड़ का, हम भारत को कहां ले जा रहे हैं..!

**मंदसौर/उज्जैन, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** राजनीतिक चुनाव पूरे देश के सांसदों का या राज्यों के विधायकों का होना एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। जहां लोकतंत्र शब्द मजबूती से हो तो वहां गरीब देश की गरीब जनता को ही प्राथमिकता मिलना चाहिए। उन्हीं के पॉकेट के दायरे में यह चुनाव होना चाहिए, होते भी हैं। लेकिन, सिर्फ बही खातों में, असल में तो आंकड़ा सौ गुना ज्यादा तक पहुंच जाता है । ऐसा उदाहरण 2019 के चुनाव के विभिन्न आंकड़ों के आधार पर माना जा रहा है। इन्हीं आधारों पर यह पक्का दावा तो नहीं लेकिन, कहा तो जा ही सकता है की भावी लोकसभा चुनाव 1 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है।



चन्द्रमोहन भगत

2019 के चुनाव के समय सेंटर फॉर स्टडीज की स्टडी से जाहिर हुआ था कि भारतीय लोकतंत्र के 543 सदस्यों का चुनाव खर्च 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है और पहुंचा भी था। जबकि 2014 के चुनाव का खर्च 3 हजार 870 करोड़ रुपए था। महंगाई लगातार बढ़ रही है। स्वाभाविक है कि लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों के चुनाव का खर्च भी बढ़ेगा तो स्वाभाविक है कि 2009 के बाद 2014 में महंगाई के अनुपात से बहुत अधिक चुनाव खर्च बड़ा था। वैसा ही 2019 के बाद 2024 में होना है। विशेषज्ञों द्वारा प्रति संसद चुनाव खर्च 70 लख रुपए अनुमानित है। इस आधार पर 5 हजार 860 करोड़ रूपया खर्च होना चाहिए। आंकड़ा जवाबदार हो सकता है, पर मौका ए दस्तूर से बिल्कुल मेल नहीं खाता है। जैसे किसी भी संसद के क्षेत्र में प्रधानमंत्री की एक रैली या सभा एक से डेढ़ करोड़ रुपए खर्च करा देती है। चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज का किराया 5 लाख रूपए प्रति घंटे तक हो जाता है। ऐसे में बड़े नेताओं की तीन सभाए, जिसमें आना-जाना 7 से 10 घंटे में होता है तो खर्च सवा करोड़ रुपए तक पहुंच जाता है। फिर 20 से 25 वाहनों का किराया और प्रतिदिन क्षेत्रीय विधायकों, जिला पंचायत, संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं पर खर्च किया जाने वाला यात्रा व सत्कार खर्च भी जोड़ा जाएगा। इससे छोटे-मोटे खर्चों के अलावा भी जो खर्च होता है अनुमति के आंकड़ों से 10 से 15 गुना अधिक राशि तक यानी 16 करोड़ रुपए अनुमानित हो जाता है। वर्ष 2019 के ... शेष पेज 4 पर

Happy Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
दीपोत्सव के मंगलमय पर्व पर समस्त नगरवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
: शुभेच्छु :
राजकुमार राठौर
अध्यक्ष-कचेलिया तैली समाज, मंदसौर
बालाजी एण्ड कम्पनी, मंदसौर

Zelio इलेक्ट्रिक स्कूटर की खरीद पर शानदार दीपावली ऑफर
PRE-BOOKING IS READY FOR YOUR E-SCOOTER
ZELIO
FUTURE IS ELECTRIC
GO ELECTRIC
Choose a Smart WAY TO RIDE
STYLISH ELECTRIC SCOOTER
सम्पूर्ण जिले में सब-डीलर नियुक्त करना है
आदि विनोद भंडारी - 8878878877
(द्वारकापुरी, फुटी कोठी, इन्दौर)
हार्दिक राजेश अग्रवाल - 6267455851
(पुलिस लाइन के सामने, महु-नीमच रोड, मंदसौर)

शुभ लाभ
Happy Diwali
दीपोत्सव के पावन पर्व परसमस्त देशवासियों व नगरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
:: बधाईकर्ता ::
गुप्ताजी समोसा
सहकारी बाजार रोड़, मंदसौर
प्रवीण गुप्ता मनोज गुप्ता

दीपोत्सव के पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
YAKUZA Sparrow
SPECIFICATION OF YAKUZA SPARROW
DELTIC
A UNIT OF DELTA AUTO CORP
डेल्टिक कम्पनी एवं याकुजा की भरोसेमंद एवं मजबूत
एक बार चार्ज में तय करें पूरे दिन का सफर
ई-बाईक, स्कूटर एवं ई-रिक्शा उपलब्ध है।
***** इच्छुक सम्पर्क करें *****
विनायक ई-बाईक
अम्बेडकर चौराहा, कैलाश मार्ग, मंदसौर
जिनिंग फैक्ट्री के सामने, सीतामऊ मो-9893454439, 9893893641, 7016270019

# चुनाव प्रचार करने गए कांग्रेस प्रत्याशी नाहटा का सांडिया के लोगों ने किया विरोध, उल्टे पांव लौटाया

## सांप्रदायिक दंगों में लोगों को झूठे केस में फंसाने का लगाया आरोप



हेमंत शर्मा

**मनासा, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र नाहटा शुक्रवार सुबह 9 बजे करीब चुनावी प्रचार प्रसार के लिए गांव सांडिया की जनता से मिलने पहुंचे। इस दौरान उनको ग्रामीणों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। लोगो ने जमकर खरी खोटी सुनाई और विरोध किया। कांग्रेस प्रत्याशी नाहटा को कुछ जगह से जनता का समर्थन मिल रहा है तो कुछ जगहों से जनता विरोध कर भड़ास निकाल रही है।

श्री नाहटा मनासा विधानसभा से पूर्व में तीन बार विधायक बने और दो बार मंत्री रहे। फिर उन्हें मनासा से दोबारा टिकट दिया गया है। ऐसे में उनके कार्यकाल को लेकर आतुर गांव सांडिया की नाराज जनता ने उन्हें खूब खरी खोटी सुनाई। लोगों ने कहा कि इनके कार्यकाल में गांव में कोई विकास कार्य नहीं किया है। मनासा में 17 मई सन 2001 में हुए सांप्रदायिक दंगो में इन्होंने गांव के कई लोगो को झूठे केस में फसाया और भागने पर मजबूर किया। सांडिया में कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र नाहटा के खिलाफ लोगो नारेबाजी कर खूब खरीखोटी सुनाई । जिससे उन्हें बिना प्रचार प्रसार किए उल्टे पाव लौटना पड़ा।

### तीन आरोपियों को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री दिनेश जैन व्द्रा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अनावेदक विशाल पिता मुकेश मेघवाल निवासी ढाकनी थाना मनासा को सदाचार बनाये रखने के लिए 3 माह तक सप्ताह में दो दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है। इसी तरह अनावेदक प्रकाशदास पिता रामदास बैरागी निवासी ब्रह्मपुरी डीकेन थाना रतनगढ को सदाचार बनाये रखने के लिए 3 माह तक सप्ताह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है। इसी तरह अनावेदक कमल पिता रतनलाल चौहान निवासी सगरग्राम थाना जीरन को सदाचार बनाये रखने के लिए 6 माह तक सप्ताह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

### छुरे के साथ पकड़ा

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** छुरे के साथ पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। नाहरगढ पुलिस ने छुरा लेकर आमजन को भयभीत करने वाले कचनारा निवासी मांगीलाल पिता जगन्नाथ बावरी को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

# विधायक यशपालसिंह सिसोदिया का जारी है नगर में जनसम्पर्क

**मंदसौर, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने मंदसौर नगर के वार्ड क्रमांक 39 के विभिन्न क्षेत्रों गांधी नगर, मेघदूत, नगर, यश नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क किया और भाजपा सरकार द्वारा मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में की गई विकास की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विकास के किर्तिमान रचे है। मंदसौर में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां विकास नहीं हुआ हों।

भाजपा प्रत्याशी यशपालसिंह सिसोदिया ने जनसंवाद करते हुए कहा कि मंदसौर का नया कलेक्ट्रेट भवन, तहसील भवन, परिवहन भवन समेत हर क्षेत्र में विकास हुए है। मंदसौर में आदर्श सडकों का निर्माण हुआ है। काबरा पेट्रोल पंप से बायपास तक सीसी सड़क का निर्माण हुआ है, इसके अलावा पूरे शहर में मूलभुत आवश्यकताओं के साथ ही महानगरों की तर्ज पर विकास के कार्य



किए है। श्री सिसोदिया ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक काम किया है। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण पूरा होने जा रहा है, अयोध्या में भव्य दीपावली मनाई जा रहीं है। डबल इंजिन की मध्यप्रदेश सरकार भी लगातार विकास के काम कर रहीं है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने हर वर्ग के लिए विकास योजनाओं को बनाया ओर उन्हें लागू किया है। युवाओं को रोजगार देने के लिए सिखों कमाओं योजना प्रारंभ की गई है। जिसमें प्रदेश की सरकार स्टॅायफंड भी देती है। बेटियों और बहनों को आत्मनिर्भर प्रदेश की भाजपा सरकार ने बनाया है।

श्री सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की सरकार ने मंदसौर विधानसभा क्षेत्र मे भी खूब विकास के काम किए है। पेयजल, सड़क, बिजली और सिंचाई की सुविधाओं को बढाया गया है। सिंचाई के लिए तालाब निर्माण किए गऐ, शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गऐ है। सीएम राईज स्कूल साबाखेडा, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज समेत महाविद्यालय में नऐ कोर्सेस भी प्रारंभ किए गये है। श्री सिसोदिया ने कहा कि विकास की गति को लगातार बनाऐ रखने के लिए जनता का साथ चाहिऐ। जनसम्पर्क के दौरान पिछडा मोर्चा के धीरज पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र पाटीदार, क्षेत्रिय पार्षद भारती पाटीदार, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, अजय आसेरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गौस्वामी, प्रिति रोखले, हर्षवर्धन पाटील, सुभाष गुप्ता समेत भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मनासा में कम्यूनिकेशन प्लान सम्बधित मॉकरन सम्पन्न

**नीमच, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत, मनासा के सभाकक्ष में 9 नवम्बर, 2023 को विधानसभा क्षेत्र-228 मनासा हेतु नियुक्त किये गये कुल-24 सेक्टर में सेक्टरवार कम्यूनिकेशन दल की टीम लीडरों द्वारा जानकारी व मतदान केन्द्र पर मोबाईल टॉवर की स्थिति संबंधी जानकारी मतदान केन्द्र पर भौतिक सत्यापन कर, मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किये गये रनर से प्राप्त की गई। उक्त मॉकरन के दौरान मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को उपलब्ध कराये जाने वाली अनिवार्य सेवाओं की जानकारी रनर द्वारा दी गई तथा विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कोई मतदान केन्द्र नही पाया गया जो, कि शेडो ऐरिया में चिन्हित किया जा सके। यह जानकारी एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया व्दारा दी गई।

# जनता की सेवा ही मेरा संकल्प है-सोजतिया

**भानपुरा, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ-भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष कुमार सोजतिया विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठजनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण जन श्री सोजतिया का आत्मीय स्वागत कर रहे हैं।

श्री सोजतिया का लगातार ग्रामीण क्षेत्रो में जनसंपर्क जारी है। शुक्रवार 10 नवंबर को श्री सोजतिया ने गरोठ के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क किया। कांग्रेस के वरिष्ठ जनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण जनों के बीच जनसंपर्क गरोठ क्षेत्र के ग्राम बामनी से सुबह प्रारंभ होकर रोज्या, भाणा का डेरा, नई आबादी, डिंडोर, गज्जा खेड़ा, बरखेड़ा लोया, काला खेडा, बरखेड़ा अम्बे खां, मानपुरिया, कथारिया, लालु का डेरा,



बण्डाहाल, वारनी, बंजारी, खारखेड़ा, कोटडा बुजुर्ग में देर शाम तक जनसंपर्क कर ग्रामीणों को संबोधित किया एवं आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान में मतदान करने का आह्वान किया।

जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण जनों ने आतिशबाजी कर श्री सोजतिया का आत्मीय स्वागत किया। गरोठ के ग्रामीण क्षेत्रों में सभाओं को संबोधित करते हुए श्री सोजतिया ने कहा कि 25 लाख तक का मुफ्त इलाज, नारी सम्मान योजना में महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह, गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जायेगा, गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल किया जाएगा, और 3000 रुपए तक बढ़ाएंगे, 100 यूनिट तक की बिजली मुफ्त और 200 तक की बिजली का बिल हाफ, बेटी के विवाह पर 1 लाख 1 हजार, बेटी के जन्म पर 2 लाख 51 हजार, सिंचाई के लिए 5 हॉर्स पावर तक की बिजली बिल्कुल मुफ्त दी जायेगी। श्री सोजतिया ने कहा कि शासकीय दफ्तरों में जो दलालों के द्वारा भ्रष्टाचार हो रहा है इनको खत्म करना है, 15 महीने की कांग्रेस सरकार ने अतिवृष्टि के चलते कमलनाथ जी ने बिना सर्वे के किसानों को उचित मुआवजा दिलाया था। आज फसल बर्बादी में शिवराज सरकार के जू तक नही रेंगी। युवाओं को रोजगार के लिए क्षेत्र में उद्योग लाना मेरा प्राथमिक लक्ष्य है।



# सरकार बनते ही मास्टर प्लान की होगी जांच-जैन

## नरसिंहपुरा में कांग्रेस प्रत्याशी विपिन जैन ने किया जनसम्पर्क

**मंदसौर, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्री विपिन जैन ने मंदसौर नगर के नरसिंहपुरा क्षेत्र में जनसम्पर्क कर आमजन से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जैन ने सब्जी मण्डी, नरसिंह मंदिर चौराहा से जनसम्पर्क प्रारंभ किया जहां से रविदास मोहल्ला, सत्यनारायण कॉलोनी, नयागांव, हरिजन बस्ती, नरसिंहपुरा, जाजपुरा कालोनी, श्रीनाथ विहार सहित क्षेत्र में जनसम्पर्क कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच प्रदेश कांग्रेस के 11 वचन भी दोहराये एवं योजनाओं के फोल्डर का वितरण भी किया गया। जनसंपर्क में श्री जैन का कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने अपने निवास स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशी विपिन जैन का विजय तिलक लगाकर स्वागत किया।

जनसम्पर्क के दौरान श्री जैन ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के 15 दिन पहले मंदसौर का मास्टर प्लान आया है। मंदसौर का मास्टर प्लान बने, मंदसौर का विकास हो, यह सभी चाहते है। लेकिन, इस मास्टर प्लॉन में नरसिंहपुरा के किसानों की जमीनों को उद्योगपतियों व भूमिमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिये ग्रीन बेल्ट में डाल दिया। भाजपा की सरकार में किसान वैसे ही परेशान है। उपर से मास्टर प्लॉन के नाम से उनकी जमीनों को ग्रीन बेल्ट में डालकर भाजपा सरकार क्या करना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस सरकार आते ही पारदर्शिता से जांच होगी।

# दिग्विजयसिंह सरकार ने प्रदेश को बदहाल बना दिया था-देवड़ा

**मंदसौर, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पुन: भाजपा की सरकार बनाने की अपील करते हुए मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी श्री जगदीश देवड़ा ने शुक्रवार को प्रात:काल से लेकर सायंकाल तक ग्राम बूढ़ा, टकरावद, बिल्लोद एवं संजीत सहित आसपास के क्षेत्र में जनसम्पर्क किया।

श्री देवड़ा के साथ भाजपा मल्हारगढ़ विधानसभा चुनाव प्रभारी



मानसिंह माच्छोपुरिया, चुनाव संयोजक पं. राजेश दीक्षित, बुढ़ा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह राणा, मण्डल प्रभारी पारस मावर, जिला पंचायत सदस्य संजय रत्नावत, मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष शरद जैन सहित क्षेत्र के गांवों के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता भी साथ थे। श्री देवड़ा ने अपने प्रभावी जनसम्पर्क की शुरूआत प्रात:काल ग्राम बुढा सेकी। इसके बाद चिल्लोद पिपलिया, टकरावद, खड़पाल्या में जनसम्पर्क किया। इसके बाद श्री देवड़ा ने ग्राम बिल्लोद के प्रमुख मार्गो। पर जनसम्पर्क किया।

श्री देवड़ा ने ग्राम बुढ़ा, टकरावद, बिल्लोद एवं संजीत के मुख्य चौराहे पर क्षेत्र के नागरिकों ने चर्चा में कहा कि मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों में विंकास के अनेक काम हुए है। वर्ष 1998 से 2003 तक जब प्रदेश में दिग्विजयसिंह की सरकार थी तब 10 वर्ष में प्रदेश की सड़के बदहाल हो गई थी। लोगों को आवागमन करने में बहुत कठिनाईयां आती थी। पहले स्कूल नहीं थे, अस्पताल नहीं थे, बिजली मिलती नहीं थी। पानी के लिये भटकना पड़ता था। जो कांग्रेस की दिग्विजय सरकार में 10 साल तक कोई काम नहीं करा सकती। वह वचन पत्र जारी कर झूठी घोषणाएं कर रही है। झूठे वादे कर रही है। इसलिये क्षेत्र के मतदाता उनसे सावधान रहे और विकास के लिये भाजपा को ही चुने।

# स्वर्णकला बोर्ड के सदस्य अजय सोनी ने ताल में मीटिंग आयोजित की



**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश निर्देशानुसार भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री कृष्णमोहन सोनी एवं स्वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री दुर्गेश सोनी के निर्देशानुसार भाजपा के परचम को लहराने की कोशिश में स्वर्णकला बोर्ड के सदस्य राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्री अजय सोनी ने आलोट विधानसभा के प्रत्याशी श्री चिंतामणि मालवीय के समर्थन में स्वर्णकार बंधुओं के साथ ताल में मीटिंग आयोजित की। अजय सोनी के साथ ताल महिला मोर्चा अध्यक्षा श्रीमती दीपमाला सोनी, मुकेश सोनी मंदसौर भी साथ थे।

इस दौरान बोर्ड सदस्य राज्यमंत्री दर्जा अजय सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने विगत दो दशक में प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया हैं। प्रदेश को देश के विकसित राज्यों में खड़ा कर दिया हैं। ताल महिला मोर्चा अध्यक्षा एवं विधानसभा प्रभारी श्रीमती दीपमाला सोनी ने कहा कि मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री द्वारा स्वर्णकला समाज के आराध्य भगवान श्री अजमीढदेव की भव्य विशाल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भोपाल में करवाई गई। सोनी समाज के नौजवान बेटे बेटियों को 8 हजार रू. हर महिने स्टाइपेंड देकर स्वर्णकारी व्यवसाय को तकनीकी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। शीघ्र ही इस योजना का लाभ समाज के बच्चों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य राज्यमंत्री दर्जा अजय सोनी का साफा पहनाकर व पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इस दौरान दुर्गेश सोनी पोद्दार, संतोष सोनी, सचिव पंकज सोनी, रामचन्द्र सोनी, दीपक सोनी, विशाल सोनी, दिनेश सोनी, मनीष सोनी, हरिश सोनी, विशान सोनी, आयुष सोनी, मनोज सोनी, अमित काला, राजेश खेतरा, शुभम राठौर, पवन पोरवाल सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार बंधु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन डॉ. मुकेश सोनी ने किया एवं आभार दुर्गेश सोनी पोद्दार ने माना।

### जागरूकता गतिविधि आयोजित करने केलेण्डर तय

**नीमच, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन-2023 तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के लिए आयोग द्वारा तिथिवार केलेण्डर बनाया गया है। इसी तारतम्यप में नीमच जिले में प्रतिदिन की जाने वाली गतिविधियों का केलेण्डर सभी अधिकारियों को भेजा गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने केलेण्डतर अनुसार निर्धारित तिथि को संबंधित विभाग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन गुणवत्तासपूर्ण संपादित कर, व्हाटसएप ग्रुप (स्वीप) एवं ई-मेल disrtictsveep nmh@ gmail.com पर गतिविधियों का प्रतिवेदन गुणवत्तापयुक्ता फोटो, वीडियों एवं समाचार पत्रों की छायाप्रति समय-समय पर भेजना सुनिश्चित करेगें।

# लाड़ली बहना योजना से महिलाएं बन रही सशक्त

## शामगढ़ मंडल के जनसंपर्क में बोले बीजेपी प्रत्याशी डंग



**शामगढ़, 10 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार हरदीपसिंह डंग लगातार तूफानी दौरे कर रहे है। शुक्रवार को उन्होंने शामगढ़ मण्डल का दौरा किया। इस दौरान माताओं, बहनो ने बडी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाकर स्वागत किया। बहनों में भाजपा सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की लाडली बहना योजना का असर दिख रहा है। कई गांवों में महिलाओ ने तिलक लगाकर, रक्षा सूत्र बांधकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

शुक्रवार को हरदीप सिंह डंग ने शामगढ मंडल के गांव खेड़ी, पिछला, खारचा का खेड़ा, तलाई का खेडा, किशनजी का खेडा, छायन रूण्डी, ओढवा, निपानिया, सालरी, गोपालपुरा, बावडी खेडा, बांजरी, गरडा खेडा, गरडा, घट्या आदर्श, चंदवासा, भटूनी, किलगारी, आवरा, चंदवासा खेडा, तोलाखेडी का दौरा करते शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना को महिला सशक्तिकरण का बड़ा माध्यम बताते हुवे बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं से भाजपा के समर्थन में मतदान करने का आग्रह किया।

# बड़े बालाजी मंदिर में आज मनेगा अंजनी के लाल का प्रकटोत्सव

## 151 थालों में सजेगा 56 भोग, 151 ढोल व 201 दीपक से होगी महाआरती, रंगारंग आतिशबाजी से जगमगायेगा आकाश

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** रामभक्त हनुमान जी का प्रकट उत्सव आज 11 नवम्बर, शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में 56 भोग एवं महाआरती का आयोजन होगा। आज देर रात तक दर्शनार्थियों की लंबी कतारे लगेगी। आयोजन को लेकर मंदिर समिति द्वारा भव्य तैयारियों की गई है। भगवान को नैवेद्य हेतु 56 भोग तैयार हो रहा है। वहीं मंदिर परिसर को भगवा पताकाओं आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है वही भगवान बालाजी की प्रतिमा का नयनाभिराम श्रृंगार भी किया जा रहा है।



मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार कार्तिक कृष्ण की चतुर्दशी पर मंदिर समिति द्वारा भव्य आयोजन किये जाते है जिसका हनुमान भक्तों को इंतजार रहता है। आज 11 नवम्बर देव दिवाली पर प्रात: 8 बजे 151 थालों में 56 पकवान सजाकर बालाजी को भोग लगाया जाएगा। दिन भर 56 भोग के दर्शन होंगे। तत्पश्चात् सायं 7 बजे 201 दीपक से महाआरती की जाएगी। जिसमें न्यू किशोर बैंड के 101 साथी मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। महाआरती की शोभा अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की तोप व ताशे, अहमदाबाद की शहनाई व मंदसौर के 151 ढोल बढ़ायेंगे एवं इस दौरान भव्य रंगारंग आतिशबाजी भी की जाएगी। मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला, सदस्यगण विनोद रूनवाल, वरदीचंद कुमावत, हेमंत सुरा, चौथमल शर्मा, नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, कपिल सोलंकी, महेन्द्रसिंह सिसोदिया आदि सदस्य उपस्थित रहे। मंदिर समिति ने सभी बालाजी भक्तों से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



एक दीप जले

अमावस की रात  
दीपों की बारात  
उजालों के मेले  
रिश्तों के रेले  
फूलों की लड़ियाँ  
पटाखे फुलझड़ियाँ  
रूप का निखार  
बच्चों का दुलार  
आओ फिर सब  
हम गले मिले  
दिवाली में रिश्तों  
का भी एक दीप जले।



नन्दकिशोर राठौर, मंदसौर

दीपावली ज्योत्सना पर्व विशेष-

# दीप ज्योति के साथ ही जीवन ज्योत जगाने का महान पर्व है ज्योत्सना-दीपावली पर्व

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** भारतीय सनातन संस्कृति में वर्ष भर मनाये जाने वाले पर्वों में प्रमुख महान पर्व है कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या का ज्योत्सना (दीपावली) पर्व। वैसे तो यह पर्व सम्पूर्ण धरती ही नहीं स्वर्गलोक तक को आतंकित करने वाले लंकाधिपति रावण का संहार कर 14 वर्षों बाद अयोध्या लौटने पर भगवान राम के राज्याभिषेक के पश्चात् दीप ज्योत्सना से घर-घर महोत्सव मनाने की परम्परा का निर्वाह करने का है परन्तु दूसरा पहलू यह भी है कि यह पर्व 4 माह की बरसात के बाद जहां बरसात के कारण घरों-मोहल्लों की



सफाई नहीं हो पाती है, ??- आंगन बरामदा आदि में साफ-सफाई- घरों को रंग-रोगन-रंगोली से बाहर भीतर सजाया-संवारा सुशोभित किया जाता है वहीं आध्यात्मिक पहलु यह भी है कि यह पर्व अमावस्या की रात्रि अर्थात घनघोर अंधेरी रात वाले दिवस पर आता है और उस रात्रि को जिस घर के भीतर-बाहर-आंगन-बरामदा-भवन की मुंडेर आदि पर दीप जलाकर रोशनी कर अंधेरे को भगाया जाता है उसी प्रकार जो राग द्वेष-इर्ष्या-??-मत्सर-काम-क्रोध-लोभ-मोह रूपी घोर-तम अंधकार हमारे-मन को मैला और अंत:करण चित्त को दूषित किये हुए है, उन्हें ज्ञान ज्योति के परम पवित्र प्रकाश से नष्टकर परस्पर सबके मन में एक प्रेम स्नेह दूसरे के प्रति भाईचारा-साम्प्रदायिक सौहार्द-स्नेह की ज्योत प्रकाश जगमगाये और प्रमाद-आलस्य-अवसाद-निराशा-दुराशा का अंधकार नष्टहो। इन्हीं भावनाओं के साथ सम्पूर्ण राष्ट्र-विश्व के प्रति दीपावली की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं।

ऊँ नमामी परम ज्योती सर्वकालम।

बंशीलाल टांक, मंदसौर

# खाद के व्यापार को खुला किया जाए, कुमठ ने लिखा सीएम को पत्र

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** खाद के लिए हर जगह लम्बी लाइनें लगी हुई है, किसान की परेशान का मुख्य कारण प्रदेश में गलत खाद नीति है। पूरे देश में मप्र ही एसा राज्य है, जहां निजी क्षेत्र को पूरी खाद व्यवसाय की स्वतंत्रता नही है। एफएआई नई दिल्ली के सदस्य अशोक कुमठ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खाद समस्या से निजात के सुझाव दिए है। कुमठ ने बताया सर्व प्रथम खाद संकट का कारण निजी और कॉपरेटिव में 30-70 का अनुपात को भी खाद 70 प्रतिशत सहकारिता और 30 प्रतिशत निजी क्षेत्र में वितरित होता है। सोसायटी हर किसान को खाद नही दे सकती है और अव्यवस्था चरम पर पहुंच गई है। निजी और सहकारी का वितरण रेशों 50-50 करना चाहिए, इससे वितरण में आसानी रहेगी और सब जगह उपलब्ध होगा। पीओएस मशीन की खराबी आम बात है, खाद होते हुए भी वितरण नही कर पाते है। मशीन दुरुस्ती का कोई केन्द्र नही है, कहां जाए और कोई जवाब देने वाला नही है। इसके लिए 108 की तरह मोबाइल वेन चाहिए, तीसरा कारण यूरिया के अन्य विकल्पों के बारे में किसानों को समझाइश दी जाए, यूरिया (नाइट्रोजन) के अन्य स्त्रोत केल्शियम नाइटेरट, अमोनियम सल्फेट आदि का प्रचार-प्रसार किसानों तक हो, ताकि यूरिया पर प्रेशर कम हो। नेनो (तरह) यूरिया भी प्रचार-प्रसार के अभाव में किसान की पसन्द से दूर है।

### दो परिवार के बीच मारपीट, पुलिस ने की क्रास कायमी

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विद्युत मोटर नही चलने पर हुए विवाद में दो भाईयों व परिवार के बीच मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया। नाहरगढ़ थाने पर सेसडी निवासी उंकारलाल पिता सोजी बंजारा ने शिकायत दर्ज कराई कि विद्युत मोटर नही चल रही थी। मैंने भाई भंवरलाल से बोला तो भंवरलाल ने गाली-गलौज की व मारपीट शुरु कर दी। इसके बाद भंवरलाल का लड़का दशरथ, पत्नी कमलाबाई भी आए गए तीनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। इसी तरह भवंरलाल बंजारा ने शिकायत दर्ज कराई कि मोटर चलाने के विवाद में भाई उंकारलाल व उसके लड़के दिलीप ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया।

### अवैध शराब के साथ 4 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी को पकडा। नाहरगढ़ पुलिस ने 21 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ सूदवास निवासी श्यामसिंह पिता फतेहसिंह को, 15 लीटर के साथ शक्करखेडी निवासी नगमा पति हीरालाल को, 48 क्वार्टर के साथ लीलदा निवासी प्रकाश पिता कन्हैयालाल को, मल्हारगढ़ पुलिस ने 100 क्वार्टर देशी शराब व 12 बीयर के साथ बरखेड़ापंथ निवासी गणपत पिता दुलीचन्द को पकडा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।



## आयुर्वेद जनक यम के देवता की पूजा का महत्व बताया

**लूनाहेड़ा, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** आयुर्वेद जनक यम के देवता की पूजा करने का महत्व समझाया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ ललीता पाटीदार ने बताया कि भगवान विष्णु के 12 वे अवतार आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना की विधि तथा आयुर्वेद व्याख्यान हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम पर विस्तार बताया वही औषधि पौधों के बारे में जाना। जानकारी योग प्रशिक्षक परशराम धनगर ने दी।

## पिता-पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** खेत को लेकर चल रहे विवाद में मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। ढाबला निवासी मदनसिंह सौंधिया ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत के पुराने विवाद में पड़ोसी सीताराम गायरी व उसके लड़के राहुल ने गाली-गलौज की व लोहे के सलिए से सिर पर वार किया, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया। इसी तरह राहुल गायरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेत के रास्ते के विवाद में कूलसिंह सौंधिया व उसके भाई मदनसिंह सौंधिया ने गाली-गलौज कर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## मतदाता पर्ची का वितरण किया

**लूनाहेड़ा, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** गांव लूनाहेडा में विधानसभा चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पर्ची वितरण को लेकर बीएलओ श्रीराम धनोतिया व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष बाई शर्मा ने घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए पर्ची वितरण की साथ ही मतदान के लिए पीले चावल देकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।






























# जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को मतदान कराये जाने हेतु दिया द्वितीय प्रशिक्षण



**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिले में मतदान सम्पन्न कराये जाने के लिए मतदान दलकर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण विधानसभावार जिले के शासकीय महाविद्यालय एवं कुशाभाउ ठाकरे आटिडोरियम में कुशल प्रशिक्षको एवं मास्टर ट्रेनरों द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मतदान दलों के कर्मियों को उनके कार्यों व दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं उनके मतदान केन्द्र पर भूमिका के बारे में अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों के बारे में बताया गया एवं कहा गया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करतें हुए मतदान प्रकिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कुशलतापूर्वक सम्पन्न करायें। मतदान दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों की आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बातों की जानकारी होना बेहद जरूरी हैं इसलिए मतदान दलकर्मी सैद्धांतिक के साथ गहनता से प्रशिक्षण लें, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की परेशानी न आए। पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें एवं कहा गया कि प्रशिक्षण में बताई गई सभी महत्वपूर्ण जानकारी को नोट करें।

मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व व्हीव्हीपेट मशीन, मॉक पोल एवं मशीन बदलने, मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों, मतपत्र लेखा तैयार करने, मतदान उपरांत निर्वाचन सामग्री जमा करने की प्रक्रिया की कार्यप्रणाली एवं इनमें उत्पन्न होने वाली त्रुटि का निराकरण एवं इनकी मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान दलों को मतदान सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए ईवीएम, वीवीपीएट सहित अन्य पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ई.व्ही.एम. के संचालन तथा मतदान कराये जाने के सर्वप्रथम मॉक पोल आदि कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं उनके मन में चल रही जिज्ञासाओं व शंकाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से कहा गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो निर्वाचन सामग्री अथवा दस्तावेज दिये जा रहे हैं, उनके प्रत्येक बिंदु का अध्ययन अच्छे से कर लें। उन्होंने मतदान दल कर्मियों को निर्देशिका पुस्तिका तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का भलींभाति सूक्ष्मता से अध्ययन कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रममें सभी मतदान दल कर्मियों ने विधासभा क्षेत्र अनुसार बनाये गये डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र (फेसिलिटेशन सेंटर) पर जाकर अपना मत डाकमत पत्र के माध्यम से किया।



## कलेक्टर ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने पीजी कॉलेज स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने ईवीएम स्ट्रांग रूम में कमिश्निंग कार्य को देखा। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना स्थल का भी निरीक्षण किया। मतगणना स्थल पर कहां-कहां पर मत पेटियां रखी जाएगी। कहां पर मतगणना होगी आदि व्यवस्थाओं को देखा। स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल के बारे में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## बच्चों के झगड़े में समझाने गया तो पीटा

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। मुरली निवासी दिनेश पिता परसराम बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि स्कूली में हुए बच्चों के झगड़े पर मैं समझाने गया, इसी दौरान मुरली डेरा निवासी विकास बाछड़ा ने गाली-गलौज कर मारपीट की व नुकीली वस्तु से हमला किया, जिससे चोंट आई। पुलिस ने विकास के खिलाफ केस दर्ज किया।

## संकल्प से मिलती है सफलता

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** दृढ संकल्प और दृढ इच्छा शक्ति से मंजिल की ओर कदम बढ़े तो सफलता निश्चित मिलती है। यह बात आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष अशोक कुमठ ने सशिमं में धनवंतरी दिवस पर आयोजित पूजन समारोह में कही। समिति अध्यक्ष बन्टू भूत ने भी विचार रखे।



## संजीत नाका ओवर ब्रिज का आम नागरिकों ने विधिवत पूजन कर उद्घाटन किया

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** स्थानीय संजीत रोड रेलवे फाटक पर नवीन ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आमजनों का आवागमन चालू कर दिया। धनतेरस के दिन आमजन को मिली इस सौगात पर नागरिकों ने पूजन कर ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया। हालांकि कार्य अपूर्ण होने से निर्माण कम्पनी ने आवागमन रोक दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र पाण्डेय ने बताया कि संजीत रोड रेलवे फाटक ओवर ब्रिज के कारण संजीत क्षेत्र व मंदसौर के बहुत बड़े क्षेत्र को बहुत लंबे समय से इस ब्रिज के पूरे होने की प्रतीक्षा थी। इस ब्रिज की पूरे होने से बहुत बड़ी सौगात मिली है। इतने बड़े निर्माण कार्य को विधिवत पूजन कर प्रारंभ करने की भी आवश्यकता थी इसलिए आज भगवान सिद्धिविनायक गणेश की पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य में लगे मजदूर को सम्मानित किया गया हार पहनकर के सम्मान कर ब्रिज पर आवागमन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर श्रेष्ठके वरिष्ठजन उपस्थित हुए।

## 20 नवंबर से खुलेंगे स्कूल...

पेज 1 से जारी

परीक्षाएं फरवरी अंत से शुरू होंगी। वहीं 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू होने वाली हैं। ऐसे में इन छुट्टियों का असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ सकता है।

**स्कूलों में बनाए जा रहे मतदान केंद्र**–बता दें कि मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होना है। ऐसे में मंदसौर सहित प्रदेशभर के कई स्कूलों को मतदान केंद्र बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। स्कूलों में दीपावली की छुट्टी के दिनों में ही मतदान केंद्र तैयार किए जाने हैं। सभी सरकारी स्कूलों में बूथ बनाए जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## गरीब देश का आम चुनाव...

पेज 1 से जारी

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के पहले से ही बाजार में लगभग काले धन का 17 प्रतिशत लेनदेन बढ़ गया था। यही नहीं आचार संहिता लगते ही चुनाव आयोग ने दो हजार करोड़ का केश, शराब और सोना पकड़ा था। अंदाजा लगाया जा सकता है कि काला धन कितना खर्च हुआ होगा। हालांकि, इसे बताने से हर राजनीतिक दल परहेज करता है। वर्ष 2014 के बाद विदेशी चंदे को उजागर करने की मांग उठी थी। ऐसा चंदा भाजपा कांग्रेस को ही सबसे ज्यादा मिलता रहा है। सरकार ने इस विदेशी चंदे को जांच से बाहर करने का नियम बना दिया। वह भी 1976 से मतलब 48 साल पहले तक के विदेशी चंदे के बारे में कोई पूछताछ नहीं कर सकेगा। दूसरा मजबूत हथियार इलेक्टोरल बांड भी राजनीतिक दलों को मदद कर रहा है। सबसे ज्यादा भाजपा को। लेकिन, इसे भी कोई जान नहीं सकता है, सिर्फ सरकार के अलावा! अब देश की गरीब जनता का क्या करें? उसे मजबूरी में इतने महंगे चुनाव का खर्च अपने बच्चों की पढ़ाई, रसोई के सामान, पेट्रोल -डीजल, कपड़ों की कीमतों में अप्रत्यक्ष भुगतना पड़ता है। चुनाव खर्च देख कर कह सकते हैं कि भारत अमीर देश है। पर, सरकार बनाने वाले नागरिक गरीब और गरीब होते जा रहा है!

## सभी सेक्टर अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें

### सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए सेक्टर अधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों का कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में श्री जे के जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मंदसौर एवं मल्हारगढ़ के व्यय प्रेक्षक श्री गोपाल कृष्णपति, सुवासरा एवं गरोठ के व्यय प्रेक्षक श्री प्रमोद कुमार श्योरान, मंदसौर एवं मल्हारगढ़ के सामान्य प्रेक्षक श्री ऋग्वेद मिलिंद ठाकुर, सुवासरा एवं गरोठ के सामान्य प्रेक्षक श्री अशोक वामन काकड़े, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधिक्षक श्री अनुराग सुजानयिा, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे। विधानसभा निर्वाचन को व्यवस्थित , शांतिपूर्ण, पारदर्शी तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए पूरी कराने की जवाबदारी सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों की सक्रियता पर निर्भर है। सभी सेक्टर आफीसर अपने दायित्वों का भलीभांति अध्ययन करें तथा निर्वाचन के दौरान उनका समुचित उपयोग करे। अच्छा कार्य करें। सभी सेक्टर अधिकारी आपस में समन्वयक के साथ कार्य करें। फोन पर चर्चा करें। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। आप सभी इलेक्टशन कमिशन का कार्य कर रहे है। सेक्टर अधिकारियों को मतदान से पूर्व अपने सेक्टर का भ्रमण सुनिश्चित करना है तथा मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करानी है। बुनियादी सुविधाओं में विशेष रूप से पीने के पानी की सुविधा, शौचालय, रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग आदि सुनिश्चित करानी है। यदि कही कमी हो तो तत्काल संबंधित मतदान केंद्र भवन से संबंधित विभाग के अधिकारियों से सपंर्क कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारियों को देखना है कि मतदान दिन को मतदान से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मतदान केंद्र पर सुनिश्चित हों।



## कलेक्टर ने पिपलिया मंडी में खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने खाद वितरण पिपलिया मंडी केंद्र का औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी किसान के पीओएस मशीन पर फिंगरप्रिंट नहीं आते हैं, तो ऐसी स्थिति में किसान के मोबाइल पर भेजी हुई ओटीपी से खाद प्रदान करें। जिले के सभी खाद वितरण केंद्रों पर किसानों के लिए छांव की व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद वितरण के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

## सट्टा अंक लिखते पकड़ा

**पिपलियामंडी, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ पुलिस ने सट्टा अंक लिखते पहेड़ा निवासी सुरेश पिता नन्दराम को पकड़ा। आरोपी के कब्ज से नकदी व सट्टा उपकरण जब्त किए।

## कलेक्टर ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने पिपलिया मंडी में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं को सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए किसी को कोई परेशानी ना हो। मतदान केंद्र पर कितने मतदाता है। 80+ एवं दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी ली।

## दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 10 नवम्बर गुरू एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 10.11.2023

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गोपाल मीणा पिता कंवरलाल जी मीणा, जाति मीणा, निवासी ग्राम आक्या फत्तू तहसील व जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो मकान नंबर-101 पर दर्ज होकर वार्ड नंबर-10 ग्राम आक्या फत्तू ग्राम पंचायत दमदम, प.ह.नं. 35. तहसील व जिला मंदसौर का सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249392023ए12537025 दिनांक 06.11.2023 से अपनी पत्नी श्रीमती मंजू बाई मीणा पति गोपाल मीणा, जाति मीणा, निवासी ग्राम आक्या फत्तू तहसील व जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा- पूर्व में-20 फीट बाजार, पश्चिम में-कंवरलाल का मकान, उत्तर में-गंगाराम जी की भूमि, दक्षिण में-मोतीलाल जी की भूमि, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम 45 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 44 फीट है। कुल क्षेत्रफल-1980 वर्गफीट या 183.94 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर गोपाल मीणा पिता कंवरलाल जी मीणा, जाति मीणा, निवासी ग्राम आक्या फत्तू तहसील व जिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

दीपावली के पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को




हार्दिक बधाईयां




हमारे यहां शुद्ध देशी घी की सोहन पपड़ी, घेवर, फीनी, इमरती, मावा, पनीर, चक्का एवं सभी प्रकार की शुद्ध दूध एवं मावे की मिठाईयां हर समय तैयार मिलती है।

शुभम् स्वीट्स
जनकुपुरा मंदसौर

दीपोत्सव पर्व की बधाईयां

दीपावली के त्यौहारों पर मनुहारी व्यंजनों की विशाल सौगात शुद्धता की पूर्ण गारंटी के साथ



राधा स्वीट्स की स्पेशल
शुद्ध देशी की सोहन पपड़ी
आकर्षक
गिफ्ट पेकिंग में 250 ग्राम, 500 ग्राम, 1 किलो में उपलब्ध



अंजीर बर्फी, मक्खन बर्फी, आईस्क्रीम बर्फी, काजु कतली, रस गुल्ला, रस मलाई, बंगाली मिठाईयां, बादाम बर्फी, केशर बर्फी, संगम बर्फी, मलाई बर्फी, घेवर, फीनी, इमरती, मावा, पनीर सहित अन्य मिठाईयां हर समय उपलब्ध।



* विशेष- रात्रि को केसरिया दूध उपलब्ध रहता है।

राधा स्वीट्स
कालाखेत, मन्दसौर (म.प्र.) फोन न. 07422- 221229
मो. 9425949395, 9425107482

### परिशिष्ट 47
### प्रारूप सी-1 से सी-8 और सीए
### प्रारूप C-1

**अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(माननीय सर्वोच्च न्यायालय के डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (सार्वजनिक) में दिनांक 25 सितंबर 2018 के फैसले के अनुसार इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य। बनाम भारत संघ एवं अन्य)

उम्मीदवार का नाम व पता :- यशपाल सिंह सिसोदिया नि. 8,9,10 यश नगर मंदसौर
राजनीतिक दल का नाम :- भारतीय जनता पार्टी
(निर्दलीय उम्मीदवारों को यहां स्वतंत्र लिखना चाहिए)
चुनाव का नामः- विधान सभा 2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- 224 मंदसौर

मैं यशपाल सिंह सिसोदिया (उम्मीदवार का नाम), उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार, सार्वजनिक जानकारी के लिए मेरे अपराधिक इतिहास के बारे में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं :-

(ए) लंबित आपराधिक मामले

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | केस संख्या और दिनांक | केस की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | लागु नही | कोतवाली अप. क्रं. 21/20 दिं. 12 जनवरी 2020 | विवेचना | 188 भादवि (144 सीआरपीसी का उल्लंघन आदेश) |
| 02 | लागु नही | वायडी नगर अप.क्रं.536/19 दि.4.11.2019 | विवेचना | 188 भादवि (144 सीआरपीसी का उल्लंघन आदेश) |

(बी) आपराधिक अपराधों के लिए सजा के मामलों के बारे में विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम ओर आदेश (आदेशों) की तारीख (तारीखें) | पद (ओं) दण्ड का विवरण थोपा | अधिकतम सजा दी गई |
|---|---|---|---|
| लागु नही | लागु नही | लागु नही | लागु नही |
| लागु नही | लागु नही | लागु नही | लागु नही |

विधानसभा 224 मंदसौर

यशपाल सिंह सिसोदिया
उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी
विधानसभा 224 मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in